राजधानी
वर्ष 10 | अंक 127
पृष्ठ : 20+8 = 28
मूल्य : तीन रुपये

7 राज्य • 1 केंद्रशासित प्रदेश • 19 संस्करण : उत्तर प्रदेश | उत्तराखंड | हिमाचल | जम्मू-कश्मीर | दिल्ली | हरियाणा | पंजाब | चंडीगढ़

amarujala.com

अमर उजाला

कार्तिक पूर्णिमा और गुरुपर्व की शुभकामनाएं

लखनऊ
शनिवार, 4 नवंबर 2017







# नैक मूल्यांकन में एसएमएस को बी प्लसप्लस

**लखनऊ।** स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज (एसएमएस) को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) में बी प्लसप्लस ग्रेड दिया गया है। शुक्रवार को संस्थान के सचिव एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी शरद सिंह ने बताया कि नैक द्वारा संस्थान को 0-4 प्वाइंट स्केल पर 2.80 अंक दिए गए। एसएमएस को नैक द्वारा यह ग्रेडिंग पहले चरण में ही दी गई है। उन्होंने बताया कि नैक पियर टीम ने 11, 12, 13 सितंबर को संस्थान का भ्रमण-निरीक्षण किया था। निरीक्षण में उन्होंने शिक्षक, कर्मचारियों, विद्यार्थियों, अभिभावकों से अलग-अलग मिलकर संस्थान के बारे में फीडबैक लिया था।